Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार सच का साथी दिनांक 17-11-2022 अंक 403

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

### ई-रिक्शा पलटने से 2 घायल,रेफर

सतगावां थाना क्षेत्र के चांद. डीह के समीप गुरुवार की संध्या 4 बजे ई-रिक्शा पलटने से ई-रिक्शा पर सवार 2 महिला घायल होने का मामला प्रकाश में आया है बताया जाता है कि चांदडीह निवासी मीना देवी उम्र 65 वर्ष पति सरयू यादव व कलीडीह निवासी खुशबू देवी उम्र 28 वर्ष दोनों ई-रिक्शा पर सवार होकर बासोडीह से अपने घर लौट रहे थे इसी दौरान चांदडीह के समीप एक बच्ची दौड़कर रोड पार करने लगी उधर ई-रिक्शा तेज रफ्तार में रहने के कारण ड्राइवर की नज़र रोड पार कर रहे बच्ची पर पड़ते ही ड्राइवर ने ब्रेक लगाया जिससे ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गई जिससे ई-रिक्शा पर सवार 2 महिला गंभीर रूप से घायल हो गए स्थानीय लोगों की मदद से घायल लोगों को प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सतगावां लाया गया जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए दोनों घायल को कोडरमा रेफर किया गया।

APEM LIVE

## समस्या : कोल्हुआकला पंचायत का एक ऐसा आंगनबाड़ी केंद्र जहां नही है पानी और शौचालय की व्यवस्था



आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका और सहायिका


शौचालय के लिए बनाया गया गड्ढा


टिफिन दिखाते बच्चे

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित**

बरही बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य को लेकर सरकार भले ही गंभीर है, लेकिन कोल्हुआकला पंचायत के तिलैया बस्ती का आंगनबाड़ी केंद्र का हालत बेहद खराब है। इस आंग. नबाड़ी केंद्र में बच्चों के लिए शौचालय और पानी तक की व्यवस्था नहीं किया गया है। जिससे वहां आने वाले बच्चों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। और अभिभावक भी केंद्रों पर बच्चों को भेजने के लिए कतराते है। शिशु एवं मृत्यु दर को रोकने के लिए सरकार की और से कई योजनाएं चलाई जा रही है। अति कुपोषित वा कुपोषित बच्चों को पोषणयुक्त सामग्री देने के लिए बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग की और से हर गांव में आंगनबाड़ी केंद्र संचालित है। करीब एक से डेढ़ दशक से चल रहे आंगनबाड़ी केंद्रों पर सुविधाओं के नाम पर हर साल लाखों रुपए खर्च होते है। लेकिन अधिकतर आंगनबाड़ी केंद्र आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। यही स्थिति तिलैया बस्ती में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र का है जहां बच्चों के लिए पानी और शौचालय तक की व्यवस्था नहीं की गई है। जिससे बच्चों को शौच के लिए जाने में काफी परेशानी होती है। शौचालय के लिए सिर्फ गड्ढा बनाकर छोड़ दिया गया है। आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका राजलक्ष्मी देवी ने बताई की इस नवनिर्मित आंगनबाड़ी केंद्र ने लगभग पिछले 10 महीनो से बच्चों को पढ़ाया जा रहा है। बच्चे अपने घर से पानी लाते है, साथ ही खाना बनाने के लिए आस पास के घरों से जाकर पानी लाकर खाना बनाना पड़ता है। जिससे खाना बनाने में भी काफी परेशानी होती है। साथ ही साथ उन्होंने कहा की इस केंद्र में पानी की व्यवस्था नहीं होने के कारण बच्चे केंद्र में बने खाना को टिफिन बॉक्स में घर ले जाते है और घर में जाकर खाना खाते है। उन्होंने कहा की इस केंद्र में समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण हम सभी को भी बहुत परेशानी होती है। वहीं वर्तमान मुखिया मंगलदेव यादव ने बताया की बहुत ही जल्द इस केंद्र में जल - नल योजना के तहत पानी की व्यवस्था करवा दिया जाएगा।

## आरडीडी एवं सीएस ने किया अनुमंडलीय अस्पताल का निरीक्षण, व्यवस्था देख हुए संतुष्ट,

### साइन बोर्ड एवं कैटीन व्यवस्था का निर्देश, अल्ट्रासाउंड की जल्द होगी व्यवस्था

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**


निरीक्षण करते आरडीडी एवं सीएस

स्वास्थ्य विभाग के क्षेत्रीय उप निदेशक डॉ सिद्धार्थ सन्याल एवं सिविल सर्जन डॉ सरयू प्रसाद सिंह ने गुरुवार को बरही अनुमंडलीय अस्पताल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ओपीडी, प्रसव कक्ष, आईसीटीसी, इमरजेंसी, कुपोषण उपचार केंद्र, ट्रॅामा सेंटर, लैब, टीकाकरण का जायजा लिया। उन्होंने कुपोषण उपचार केंद्र पहुंचकर केंद्र की व्यवस्था की जानकारी ली। केंद्र की ए एन एम से बच्चो के बारे में पूछ ताछ कर बच्चो के डायट की भी जानकारी ली। इसके अलावे उन्होंने प्रधानमंत्री टीवी मुक्त भारत अभियान की भी जानकारी ली। ऑक्सीजन आपूर्ति व्यवस्था की भी जानकारी ली। डॉ ज्ञानी के नेतृत्व में चल रहे अस्पताल की व्यवस्था देख आरडीडी संतुष्ट दिखे। मौके पर डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी को साइन बोर्ड ठीक करने एवं कैंटीन की व्यस्था करने का निर्देश दिया। सीएस ने बताया की जल्द ही अनुमंडलीय अस्पताल में अल्ट्रासाउंड की सुविधा बहाल की जाएगी। इसके लिए ही औचारिकता पूरी करने का निर्देश दिया। डॉ प्रकाश ज्ञानी ने आरडीडी को डॉक. टर्स की कमी से अवगत कराया। बताया की जितने डॉक्टर्स की सृजित पद है। उतना ड०क्टर्स अस्पताल में उपलब्ध नही है। जिससे परेशानी हो रही है। डॉक्टर्स उपलब्ध कराने की मांग रखी। मौके पर विनय कुमार सिन्हा, रमन कुमार, पंकज कुमार आजाद, बिजेंद्र कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

HOTEL आकाश पैलेस

Contact No.: 9122662308 6299699176

AC/Non AC, Rest & Marriage Hall

सागर टेन्ट हाउस

## बरही टेलर एवं ट्रक यूनियन से जुड़े वाहन मालिकों ने झारखंड सरकार के खिलाफ खोला मोर्चा

### 5 सूत्री मांग को लेकर किया विरोध प्रदर्शन, चरणबद्ध आंदोलन की चेतावनी, टैक्स एवं डीजल दाम कम करने की मांग

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**


विरोध प्रदर्शन करते बरही अनुमंडल के ट्रक टेलर के मालिक

नागालैंड से निबंधित टेलर एवं ट्रक को झारखंड के परिवहन विभाग के द्वारा नियुक्त आर टी ओ द्वारा पकड़े जाने एवं मनमानी फाइन लगाने से परेशान वाहन मालिकों ने बरही टेलर एवं ट्रक यूनियन के बैनर तले झारखंड सरकार के खिलाफ गया रोड पेट्रोल पंप के पास जमकर विरोध प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व अध्यक्ष फहीम खान, सचिव अलाउद्दीन अंसारी, कोषाध्यक्ष नईम खान एवं गोपाल पंडित ने किया। भाजपा के वरिष्ठ नेता अर्जुन साव भी विरोध प्रदर्शन में शामिल होकर उनका समर्थन किया। मौके पर कार्यक्रम का संचालन कर रहे गोपाल पंडित ने झारखंड सरकार के परिवहन विभाग के खिलाफ भड़ास निकालते हुए कहा की बरही में सैकड़ों टेलर एवं ट्रक है, जिनका निबंधन नागालैंड से हुआ है। सभी का निबंधन झारखंड सरकार के द्वारा दिए गए टी आर के बाद ही हुआ। फिर अभी नागालैंड से निबंधित वाहनों को को पकड़ कर फाइन लगाना कहां तक उचित है। झारखंड सरकार की मनमानी नही चलेगी। अब हमलोग आंदोलन करेंगे। अध्यक्ष फहीम खान ने कहा की हमे शौक नही है की हमलोग नागालैंड से अपने वाहनों का निबंधन कराएं। लेकिन नागालैंड में निबंधन कार्य टैक्स मात्र 12000 है। जबकि झारखंड में 40000 से ऊपर हैं। नागालैंड में आसानी से सभी कागजी प्रक्रिया पूरी हो जाती है। जबकि झारखंड में रिश्वतखोरी चरम पर है। कागजी प्रक्रिया में कई महीनो लग जाते हैं। सचिव अलाउद्दीन अंसारी ने कहा की झारखंड से यूपी में 6 रुपए प्रति लीटर दाम कम है। जिसके कारण झारखंड की गाड़ियां यूपी में डीजल भरवाती है। इस पर ध्यान देनी चाहिए। टेलर मालिकों की मांग का समर्थन करते हुए भाजपा नेता अर्जुन साव ने कहा की झारखंड में लूट की छूट मिली है। भाजपा शासित राज्यों में डीजल का दाम कम है। वाहनों को कोई परेशानी नही होती है। जबकि झारखंड में टेलर ट्रक को परेशान किया जा रहा है। चारो ओर रिश्वतखोरी है। आर टी ओ को लूट की खुली छूट दी गई । जिसका विरोध किया जा रहा है। नईम खान एवं उपस्थित वाहन मालिकों ने कहा की जिस तरह आर टी ओ के द्वारा परेशान किया जा रहा है। उसके वजह से कई गाड़ियां खड़ी हो गई है। किस्त फेल हो रहा है। गुजर बसर करना भी मुश्किल हो गया है। यदि इस कार्रवाई पर रोक नही लगाई गई तो कई मालिक आत्म हत्या पर मजबूर हो जाएंगे। सभी से चेतावनी भरे लहजे में कहा की उनकी 5सूत्री मांग मांगनी पड़ेगी, नही तो बरही चौक को जाम कर विरोध प्रदर्शन किया जायेगा। निर्णय लिया की यदि कार्रवाई बंद नही हुई तो हम सब वाहन मालिक बरही चौक पर गाड़ी खड़ा कर चाभी मुख्यमंत्री को सौप देंगे। मौके पर चरणबद्ध आंदोलन की रणनीति बनी। विरोध प्रदर्शन करने वालो में बरही टेलर एंड ट्रक यूनियन अध्यक्ष फहीम खान, सचिव अल्लाहुद्दीन अंसारी, गोपाल प्रजापति, गोविंद यादव, कोषाध्यक्ष नईम खान (भोला), निगरानी समिति सुलतान खान, इरफान खान, ब्रह्मदेव यादव, अनिल साव, चंद्रभानु गोप, मो मिन्हाज, प्रदीप यादव, महबूब अंसारी, मो मनुवार, मुजाहिद अंसारी, कृष्णा रजक, श्याम गुप्ता, मो असरफ अंसारी, मो मंसूर, मो हदीस, अमन यादव, मो रिजवान सहित कई लोग शामिल थे।

डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार   सहयोगीः सोनू पंडित,   एडिटिंग- सोनू पंडित   मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## भारत जोड़ो यात्रा की सफलता को लेकर बैठक, 26 नवम्बर को प्रखण्ड में पद यात्रा

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**



चौपारण : भारत जोड़ो यात्रा की सफलता को लेकर प्रखण्ड कांग्रेस भी जोर शोर से जुट गई है। इसे लेकर कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष विकास यादव की अध्यक्षता में शुक्रवार को प्रखण्ड के डेबो पंचायत भवन में बैठक हुई। बैठक का संचालन डेबो पंचायत अध्यक्ष शम्भू यादव ने किया। बैठक में कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा की अपार सफलता को लेकर विचार विमर्श किया गया। बैठक में कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष विकास यादव ने बताया कि आगामी 26 नवंबर को भारत जोड़ो यात्रा के समर्थन में प्रखंड के केंदुआ मोड़ से महाराजगंज तक पदयात्रा निकाली जाएगी। पदयात्रा में बतौर मुख्य अतिथि बरही विधायक उमाशंकर यादव के साथ-साथ जिला एवं प्रदेश स्तर के कई पदाधिकारी शामिल होंगे। कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष विकास यादव ने प्रखण्ड के सभी 26 पंचायतों के कांग्रेस पंचायत अध्यक्ष , सचिव एवं सभी पदाधिक. ारियों से भारत जोड़ो यात्रा की सफल बनाने का अनुरोध करते हुए प्रखण्डवासियों से बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने का आग्रह किया है। बैठक में जवनपुर पंचायत के मुखिया जानकी यादव , बसरिया मुखिया प्रतिनिधि , मोहम्मद मोबिन, बेनी यादव सत्येंद्र यादव, माधुरी देवी , रामदेव यादव , महेश यादव , अर्जुन यादव , बेनी यादव छोटू यादव, रामदेव यादव, महावीर यादव, दिनेश कुमार दास, माथुर राणा, अजय कुमार, मंटू रविदास , रामसहाय साव , लखन दास महेश कुमार यादव, सत्येंद्र कुमार यादव ,वीरेंद्र कुमार साव एवं पंचायत डेबो के कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए।

## मेला देखकर वापस लौटने के क्रम में सड़क हादसे में घायल बच्ची की इलाज के दौरान मृत्यु

**अपेम लाइव : संतगांवा**



सतगावां थाना क्षेत्र के ईटाय पंचायत के बेलाटांड़ निवासी रविन्द्र यादव की 8 वर्षीय पुत्री विभा कुमारी की मृत्यु मंगलवार की रात्रि 10 बजे रांची रिम्स में इलाज के क्रम में हो गई।. बताया जाता हैं कि कुछ दिन पूर्व 7 अक्टूबर को दुर्गापूजा मेला देखकर मोटरसाइकिल पर सवार होकर अपने घर बेलाटांड़ वापस लौटने के क्रम में ऑटो के टक्कर से सड़क हादसे में 7 अक्टूबर की संध्या 7 बजे सतगावां के ईटाय के समीप बासोडीह की ओर से अपने घर बेलाटांड़ की ओर मोटरसाइकिल पर 5 लोग सवार होकर आ रहे विपरीत दिशा से तेज रफ्तार से राजाबर की ओर से आ रहे है ऑटो ने अपने चपेट में ले लिया और जोरदार धक्का में गिर गए और 5 लोग घायल हो गए और सर में चोट लगने से बुरी तरह से जख्मी हो गया वहीं घायल बच्ची को ईलाज के लिए परिजनों की सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सतगावां में ले जाया गया जहाँ प्राथमिक उपचार किया गया गया जहाँ से बेहतर इलाज के लिए कोडरमा रेफर किया गया।वहीं इलाज के बाद सभी को रांची रिम्स इलाज के रेफर कर दिया गया उसके बाद भी स्थिति में सुधार नहीं हुई और 40 दिनों के बाद विभा कुमारी की मौत हो गई इनके माथा में पूरी तरह एक्सीडेंट के कारण डैमेज हो गया था।जिससे इसकी हालत गंभीर थी।इधर घायल बच्ची की मृत्यु हो गई पूरे वहीं बुधवार की शव के पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंपा गया जहाँ से परिजनों ने शव को लेकर रात्रि में गांव पहुंचे और गुरुवार को बच्ची का दाह संस्कार कर दिया गया इस घटना से परिवार सदमे में है साथ ही साथ पूरे गांव में मातम सा छा गया।

## जिले के सुदूरवर्ती ग्राम दुर्गुनिया में जीवन सवेरा फाउंडेशन के द्वारा मुफ्त कंबल वितरण का शिविर लगाया गया





**अपेम लाइव चंदवारा**
**श्रीकांत पांडेय**

जीवन सवेरा फाउंडेशन के द्वारा कोडरमा जिले के चंदवारा प्रखंड में सुदूरवर्ती गांव दुर्गनिया में अत्यंत गरीब एवं जरूरतमंदों को के बीच मुफ्त कंबल वितरण का शिविर लगाया गया/ जहां गरीबों के बीच 100 से अधिक कंबल का वितरण किया गया। इस शिविर में मुख्य रूप से वहां की स्थानीय मुखिया पुष्पा देवी के साथ-साथ वार्ड सदस्य, मास्टर ट्रेनर झारखंड पंचायती राज्य सुजीत नायक, जीवन सवेरा फाउंडेशन के डायरेक्टर राजू भाटिया, सरवर हयात खान, सनी भाटिया, उदय चंद्र किशोर, के साथ-साथ आज मुख्य रूप से समाजसेवी कुंतलेश पांडे एवं संजय कुमार शामिल हुए। जहां पर जमुना भुईँया,महादेव भुईँया, अंबिया देवी, समरी भुइयां, मसोमात सुनीता, मुनिया देवी जैसे सैकड़ों ग्रामीण एवं अत्यंत निर्धनों के बीच यह कार्यक्रम सफल पूर्वक आयोजित किया गया। इस अवसर पर वहाँ के मुखिया, वार्ड सदस्य, के साथ साथ अनेक समाजसेवियों ने जीवन सवेरा फाउंडेशन के इस कार्य की सराहना की।अतः इन कार्यों को जारी रखते हुए जीवन सवेरा फाउंडेशन की सराहना करते हुए धन्यवाद दिया।

## आभार यात्रा निकाल महाजुटान कार्यक्रम में शामिल होने रांची गए झामुमो कार्यकर्ता

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**



आभार यात्रा निकाल रांची रवाना होते झामुमो कार्यकर्ता

विष्णुगढ़ प्रखंड के झामुमो कार्यकर्ताओं ने झारखंड कैबिनेट में 1932 का खतियान के आधार पर स्थानीयता एवं आरक्षण नीति पारित होने पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का आभार जताते हुए गुरुवार को विष्णुगढ़ के सातमील मोड से आभार यात्रा निक. ाली। झामुमो जिलाध्यक्ष शंभूलाल यादव तथा झामुमो युवा नेता गौरव पटेल के नेतृत्व में निकाली गई आभार यात्रा में शामिल कार्यकर्ता रांची में आयोजित महाजुटान रैली में शामिल होने के लिए रांची रवाना हुए। इसके पूर्व झामुमो कार्यकर्ताओं ने सरकार के समर्थन में तथा विपक्ष के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। झामुमो युवा नेता गौरव पटेल ने बताया कि इस आभार यात्रा के माध्यम से प्रखंड के कार्यकर्ता 1932 का खतियान आधारित स्थानीयता नीति एवं आरक्षण नीति झारखंड कैबिनेट में पारित करने को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का आभार जताने रांची जा रहे हैं। वहां मोरहाबादी मैदान में आयोजित महाजुटान रैली में भी कार्यकर्ता शिरकत करेंगे। कहा कि जो काम किसी सरकार ने नहीं किया वह इस सरकार ने करके ऐतिहासिक काम किया है। इससे घबराकर विपक्ष केंद्र के सहयोग से सत्तापक्ष के नेताओं पर केंद्रीय एजेंसियों के काम का दुरुपयोग करवा रही है। आभार यात्रा में बीस सूत्री अध्यक्ष गिरिजा साव, केंद्रीय सदस्य टेकोचन्द महतो, छोटेलाल बेसरा, संजय प्रजा. पति, प्रेमचंद महतो, चंद्रिका साव, प्रकाश महतो समेत कई कार्यकर्ता शामिल हुए।






सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## मारपीट में घायल केदार यादव व परिजनों से मिलने पथलगड्डा पहुँचे पूर्व विधायक

### केदार यादव के साथ हुवा अन्याय, दोषियों को कड़ी सजा दे पुलिस : मनोज यादव

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**



दैहर पंचायत के पथलगड्डा निवासी केदार यादव व उनके परिजनों के साथ बेरहमी से मारपीट कर घायल कर दिया गया था। सदर हजारीबाग में ईलाज करवा कर घर लौटे केदार यादव व उनके परिजनों से मिलने समर्थकों संग पथलगड्डा पहुँचे बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव। केदार यादव ने पूर्व विधायक को बताया कि हम जब से भाजपा ज०इन किये है तब से विधायक अकेला यादव के समर्थक बिनोद यादव व नागेंद्र कुशवाहा लगातार धमकी दे रहे थे। मौका देखकर बिनोद यादव अपने दर्जनों साथियो के साथ मेरे घर मे घुसकर बेरहमी से मारपीट किया और महिलाओं को निर्वस्त्र कर सबको अधमरा कर दिया। रोते बिलखते केदार यादव ने पूर्व विधायक से सुरक्षा की गुहार व बिनोद यादव को सजा दिलाने की बात किया। पूर्व विधायक ने कहा कि केदार यादव व उनके परिजनों के साथ अन्याय हुवा है। बिनोद यादव का गुंडागर्दी अब पथलगड्डा में नही चलेगा। पूर्व विधायक ने बरही डीएसपी व थाना प्रभारी से नक्सलियों से सांठगांठ के आरोपी बिनोद यादव को अविलंब गिरफ़्तार कर जेल भेजे। इधर दोनो पक्षो द्वारा दिये आवेदन के आधार पर कांड सख्या 358/22 और 359/22 के तहत मामला दर्ज किया है। मौके पर जीप सदस्य राकेश रंजन, सांसद प्रतिनिधि मुकुन्द साव, मंडल अध्यक्ष मुकेश सिन्हा, भाजपा एसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष रामस्वरूप पासवान, राजदेव यादव, महामंत्री आशीष सिंह, अरविंद सिन्हा, जन्मजेय सिंह, राकेश पांडेय, बबन सिंह, देवकुमार दाँगी, सुरेश दाँगी, कैलाश पांडेय, बासुदेव दाँगी, अभिमन्यु सिंह, अशोक पासवान, हीरा यादव, रामप्रसाद पासवान, मंतोष सिंह, सतन भुइयं, गोविंद भुइयाँ, देवकी सिंह, रमेश सिंह भोक्ता, निरंजन भोक्ता, संजू भुइयाँ, तालों सिंह, राजदेव भुइयाँ। घायल केदार यादव, रामावतार यादव दोनो पिता जागेश्वर यादव, हरिनारायण यादव पिता केदार यादव, प्रवीण कुमार पिता रामावतार यादव, रमणी देवी पति रामावतार यादव, अंजू देवी पति केदार यादव आदि शामिल है।

## चाइल्डलाइन द्वारा चलाया गया हस्ताक्षर अभियान

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव : जन सेवा परिषद एवं चाइल्डलाइन इंडिया फाउंडेशन के संयुक्त तत्वधान में चाइल्ड लाइन दोस्ती कार्यक्रम के तहत प्रखंड प्रमुख सभागार में प्रखंड अंचला निरीक्षक की अध्यक्षता में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। हस्ताक्षर अभियान चलाते हुए चाइल्डलाइन के टीम लीडर रंजीत कुमार चौबे द्वारा सभी को चाइल्डलाइन 1098 के बारे में पूर्ण जानकारी देते हुए बताया गया की चाइल्ड लाइन मुख्य रूप से बच्चों की देखरेख एवं सुरक्षा पर कार्य करता है। जैसे कि बाल विवाह, बाल मजदूरी, बाल यौन शोषण, ट्रैफिकिंग, कोई बच्चा कहीं से गुम हो गया हो, या कहीं से गुम हो कर आ गया, या फिर वैसा बच्चा जो बेसहारा हो वैसे बच्चे जिसकी देखरेख करने वाले कोई नहीं है या फिर कोविड-19 के कारण जो बच्चे अपने माता-पिता या किनहीं एक को खो दिए हैं ।इन सभी बच्चों के लिए चाइल्डलाइन 1098, 24 घंटे 365 दिन मदद के लिए तत्पर है। इस पूरे कार्यक्रम में प्रखंड कार्यालय के बी ए ओ रवि रंजन तुलसी श्रीवास्तव रिंकू जी आशीष जी पूर्व मुखिया कार्तिक महतो, अरुण मिस्त्री, आशीष कुमार, प्रकाश जी ,अशोक राम, मुनेश्वर महतो, गणेश कुमार, बुधन साहू, मनोज ठाकुर, एवं अन्य सैकड़ों पदाधिकारी सहित जनता ने अपने अपना हस्ताक्षर बनाया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से चाइल्डलाइन टीम लीडर रंजीत कुमार चौबे टीम मेंबर कुलेश्वर कुमार, मेघनाथ महतो,प्रमिला देवी एवं धालू साहू का सराहनीय योगदान रहा।

## चोरों ने उड़ाया हरहद कौलेश्वरी के पास निर्मित जलमिनार का सोलर प्लेट

### ग्रामीणों ने मदगड़ा मुखिया को दी जानकारी

**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**




कान्हाचट्टी : राजपुर थाना क्षेत्र के हरहद गांव के समीप कान्हाचट्टी से पीतिज जाने वाली सड़क में पड़ने वाली कैलेश्वरी मंदिर के समीप लगे सोलर प्लेट को अज्ञात लोगों द्वारा चोरी कर लिया गया।ग्रामीणों ने इसकी जानकारी गुरुवार की संध्या में मदगड़ा मुखिया सुप्रिया कुमारी एवं मुखिया पति सह सांसद प्रतिनिधि राम रजंन साहू को दिया।मुखिया सुप्रिया कुमारी एवं उसके पति ने घटना स्थल पर जाकर निरीक्षण किया।श्रीमत्ती कुमारी ने बताई की मंदिर में आने वाले भक्तों के लिए पंचायत फंड से ही पूर्व मुखिया द्वारा जलमीनार का निर्माण 15वें वित्त से किया गया था।जल्द ही मामले को लेकर राजपुर थाना में सोलर प्लेट चोरी से सम्बंधित आवेदन दिया जाएगा।हालांकि सामाचार लिखे जाने तक थाना में कोई आवेदन नहीं दिया गया था।इधर मंदिर आने वालों को अब चोरों की कृपा से भक्तों को भगवान के जलार्पण के लिए दूसरे जगह से पानी लाना पड़ेगा।

## प्रोजेक्ट स्कूल रामपुर में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन, मुखिया ने किया शुभारम्भ

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**



खेलो झारखण्ड के तहत प्रखण्ड के सभी सरकारी विद्यालयों में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय स्तर पर प्रतिभावान बच्चो ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर प्रखण्ड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के लिए अपना स्थान बनाया। प्रोजेक्ट प्लस दो उच्च विद्यालय रामपुर में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता का स्थानीय मुखिया सुनीता देवी ने शुभारम्भ किया। प्राचार्य मनोज यादव ने बताया कि इस दौरान 100 मीटर 200 मीटर 400 मीटर और 800 मीटर का दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, रिले दौड़, गोला फेंक आदि प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया गया। मुखिया ने कहा कि राज्य सरकार का बेहतर आयोजन। ग्रामीण क्षेत्रे में छिपी प्रतिभा का निखार होगा। खेल प्रभारी शिक्षक राजकुमार साव और राजकिशोर प्रयास ने महती भूमिका निभाया। खेलकूद प्रतियोगिता के आयोजन को सफल बनाने में संजय कुमार, संजय रविदास, रीना कुमारी, अभिमन्यु कुमार यादव ,पंकज कुमार रजक, लालमोहन कुमार ,दयानंद ठाकुर, अजय कुमार, रवि कुमार, मुकेश प्रसाद सहित अन्य।

## चेपाकला पंचायत के उपमुखिया ने खेल सामग्रियों का किया वितरण

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**




बड़कागाँव : प्रखण्ड के चेपाकला पंचायत के उपमुखिया आकांक्षा कुमारी ने उत्क्रमित उच्च विद्यालय जुगरा में लगातार दूसरे दिन भी छात्र छात्राओं के बीच खेल सामग्रियों का वितरण किया, एवं छात्रों को संबोधित करते हुवे कहा कि शिक्षा के साथ साथ खेल भी जरूरी है खेल है शारिरिक विकाश होता है। शिक्षा के साथ साथ अगर खेल में भी ध्यान दिया जाय तो अपना करियर बना सकते है। आगे उन्होंने कहा कि मेरा लक्ष्य है कि अपने पंचायत के हर गांव में छात्र छात्राओं को खेल सामाग्री उपलब्ध कराना। खेल सामाग्री वितरण करने में मुख्यरूप से उपमुखिया प्रतिनिधि रवि कुमार गुप्ता, प्रधानाध्यापक अरविंद कुमार,सहायक शिक्षक विनोद कुमार दास, त्रिलोकी कुमार,रूबी कुमारी व दर्जनों छात्र छात्रएं उपस्थित थे।

